दिनांक 10.05.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक में 08 मई 2018 को जारी विषय सूची एवं 10 मई 2018 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा कर सर्वसम्मति पारित किया गया है।

आज की बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 1. वित्तीय वर्ष 2018–2019 के लिए भूमि या भवन का वार्षिक भाड़ा मूल्य एवं जोनों के वर्गीकरण के संबंध में। 2. मेसर्स स्पेरो साफ्टेक प्रा.लि. एच.आई. 181 हमरु हाउसिंग कालोनी, रांची (झारखण्ड) को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आबंटित आवासों, दुकानों गुमटी, अनुज्ञप्ति शुल्क, भू–भाटक आदि किराया की वसूली करने हेतु अधिकृत किये जाने बाबत्। 3. पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने रिक्त भूमि पर उद्यान विकास कार्य। 4. नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत केरोसिन मुक्त वार्ड के संबंध में। 5. रामनगर मुक्तिधाम में शव वाहन एवं काफिल फ्रिजर रखने हेतु कमरा/शेड निर्माण करने बाबत् उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर महापौर परिषद के सदस्यों के द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य श्री नीरज पाल, श्री लक्ष्मीपति राजू, श्री दुर्गा प्रसाद साहू, श्री जोहन सिन्हा, श्री केशव बंछोर, श्रीमती सदीरन बानो, श्रीमती सुशीला देवांगन, निगम आयुक्त के प्रतिनिधि के रुप में अधीक्षण अभियंता श्री आर0के0 साहू, राजस्व अधिकारी श्री एच0के0 चन्द्राकर, सम्पत्तिकर अधिकारी श्री सनत बंछोर, जोन 02 के आयुक्त श्री संजय शर्मा, उद्यान विभाग से श्री आर0एस0 राजपुत, निगम सचिव श्री जीवन लाल वर्मा उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी